फोन – 07652 245167 ई–मेल– dfotnshahdol@mp.gov.in

क्रमांक / मा.चि. / 1009 शहडोल दिनांक 29-6- 2017

प्रति,

कलेक्टर
जिला शहडोल

**विषय :–** **जल संसाधन संभाग क्र. 02 के अन्तर्गत वनभूमि प्रभावित योजनाओं के जिले शासकीय राजस्व भूमि वन विभाग को हस्तान्तरित कराये जाने बावत्।**

**संदर्भ :–** 1. आपका पत्र क्र. / 2130 / वन / 2016 दिनांक 25.05.2017
2. कार्यालय कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग क्र. 02 शहडोल म.प्र. का पत्र क्र0 / 1736 / कार्य / वन / 2017 दिनांक 22.06.2017
3. कार्यालय उप वनमण्डलाधिकारी व्यौहारी का पत्र क्र. / 1310 दिनांक 07.06.2017

**—00—**

विषयांकित संदर्भित में लेख है कि जल संसाधन संभाग क्र. 02 शहडोल के अन्तर्गत वनभूमि प्रभावित योजनाओं के लिए शासकीय राजस्व भूमि वन विभाग को हस्तान्तरित करने के संबंध में संयुक्त निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तहसीलदार अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन व्यौहारी एवं जयसिंहनगर तथा अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन व्यौहारी एवं जयसिंहनगर तथा अनुविभागीय अधिकारी वन व्यौहारी एवं सभी विभाग के अधीनस्थ अमले के साथ शासकीय राजस्व भूमि का निरीक्षण किया गया।

उपवनमण्डलाधिकारी व्यौहारी के सन्दर्भित पत्रानुसार राजस्व भूमि वनभूमि के लिए उपयुक्त हैं जो कि ग्राम रसपुर, खड्डा, करौंदिया, अनहरा एवं सेजहरी में उपलब्ध है। प्रतिवेदनानुसार संयुक्त निरीक्षण प्रतिवेदन में उपयुक्त चयनित किये गये आवंटित भूमि में किसी प्रकार की कठिनाई आना संभावित नही है एवं राजस्व भूमि को वनभूमि को इस्तांतरण करने की अनुशंसा की गयी है।

उपरोक्त संदर्भित प्रतिवेदनानुसार शासकीय भूमि वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त होना पाई जाकर वन विभाग को उपलब्ध कराई जाती है तो वन विभाग के कार्यालय उत्तर वनमण्डल शहडोल को आपत्ति नही है।

प्रतिवेदन सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**वनमण्डलाधिकारी**
**उत्तर शहडोल वनमण्डल**

पृ0 क्रमांक / मा.चि. / 1010 शहडोल दिनांक 29-6- 2017

प्रतिलिपि :–

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म.प्र. भोपाल।
2. मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल।
3. कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग क्र. 2 शहडोल को उनके संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
4. उपवनमण्डलाधिकारी व्यौहारी की ओर सूचनार्थ।
5. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, व्यौहारी / तहसीलदार, तहसील व्यौहारी की ओर सूचनार्थ।

**वनमण्डलाधिकारी**
**उत्तर शहडोल वनमण्डल**